Part-4 **लिंग**

**अपवाद** – सलाद, दलिया, भात, पूड़े, परांठा आदि।

(11) आई, वट, ट, हट, आस, ता, आदि प्रत्यय लगे होते हैं वे शब्द स्त्रीलिंग होते हैं। **(भाववाचक)**

मिठाई, खटाई, सिलाई, कढ़ाई, करवट, बनावट, सजावट, मुस्कराहट, चिल्लाहट, मिठास, खटास, मानवता, दानवता, पशुता आदि।

(12) **ऐसे भाववाचक शब्द जो (तद्भव) होते हैं जिनके अंत में इ, ई आते हैं।**

विधि (अग्नि), छवि, नगरी, कचहरी, नदी, बोली, चिट्ठी, लेखनी, गरमी, सरदी, गोली आदि।

(13) **भाषाओं एवं बोलियाँ, लिपियाँ स्त्रीलिंग होती हैं।**

संस्कृत, हिन्दी, तेलगु, पहाड़ी, देवनागरी, मगही, ब्रजभाषा, गुरुमुखी खड़ी बोली, मराठी, पंजाबी आदि।

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| (अ) | (आ) |
| (1) बाल | बाला |
| (2) आचार्य | आचार्या |
| (3) प्रिय | प्रिया |
| (4) कृष्ण | कृष्णा |
| (5) सुत | सुता |
| (6) शिष्य | शिष्या |
| (अ) | (ई) |
| (7) गोप | गोपी |
| (8) काका | काकी |

(9) तीतर — तीतरी
(10) दास — दासी
(11) गीदड़ — गीदड़ी
(12) दादा — दादी
(13) नाना — नानी
(14) लड़का — लड़की
(15) गधा — गधी
(16) घोड़ा — घोड़ी
(17) पुत्र — पुत्री
(18) नौकर — नौकरानी
(19) सेठ — सेठानी
(20) देवर — देवरानी
(21) पंडित — पंडितानी
(22) इंद्र — इंद्राणी
(23) मास्टर — मास्टरनी

**इका**

(40) लेखक — लेखिका
(41) पाठक — पाठिका
(42) गायक — गायिका
(43) बालक — बालिका
(44) सेवक — सेविका
(45) अध्यापक — अध्यापिका

**(अती प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग बनता है)**

(46) भगवान् — भगवती
(47) धनवान् — धनवती

**आइन लगाकर स्त्रीलिंग बनाना**

(24) गुरु — गुरुआइन
(25) लाला — ललाइन
(26) ठाकुर — ठकुराइन

**इन**

(27) शुक्ल — शुक्लाइन
(28) लोहार — लोहारिन
(29) अहीर (यादव) — अहीरिन
(30) जुलाहा — जुलाहिन
(31) नाग — नागिन
(32) कुम्हार — कुम्हारिन (प्रजापति)
(33) ग्वाला — ग्वालिन
(34) हलवाई — हलवाइन
(35) नाई — नाइन
(36) पुजारी — पुजारिन
(37) धोबी — धोबिन
(38) पड़ोसी — पड़ोसिन
(39) सुनार (सोने का काम करने वाला) — सुनारिन

(48) बलवान् — बलवती
(49) महान् — महती
(50) श्रीमान् — श्रीमती
(51) आयुष्मान् — आयुष्मती
(52) रूपवान् — रूपवती
(53) स्वामी (इनी) — स्वामिनी
(54) तपस्वी — तपस्विनी

(55) यशस्वी — यशस्विनी

(56) संन्यासी — संन्यासिनी

## (इया).

(57) चिड़ा — चिड़िया

(58) बूढ़ा — बुढ़िया

(59) लोटा — लुटिया

(60) चूहा — चुहिया

## नी

(61) ऊँट — ऊँटनी

(62) भील — भीलनी

(63) चोर — चोरनी

(64) दाता — दात्री

(65) नेता — नेत्री

(66) रचयिता — रचयित्री

(67) कर्ता — कर्त्री

(68) धाता — धात्री

(69) वक्ता — वक्त्री

(70) भर्ता — भर्त्री

## गुण परिवर्तन करके

(71) युवक — युवती

(72) युवती — युवक

(73) वीर — वीरांगना

(74) आदमी — औरत

(75) नर — वधू

(76) सम्राट — सम्राज्ञी

(77) साधु — साध्वी

(78) विद्वान — विदुषी (पढ़ी लिखी)

(79) जाट — जाटनी

**नित्यलिंग** — जो पुरुष या स्त्री ही होते हैं उनमें नर और मादा लगाकर लिंग परिवर्तन किया जाता है।

(79) कौआ — मादा कौआ

(80) मच्छर — मादा मच्छर

(81) चीता — मादा चीता

(82) तोता — मादा तोता

(83) मक्खी — नर मक्खी

(84) मछली — नर मछली

(85) उल्लू — मादा उल्लू

(86) कोयल — नर कोयल

(87) भेड़िया — मादा भेड़िया

(88) खरगोश — मादा खरगोश

(89) खटमल — मादा खटमल

(90) बाज — मादा बाज

(91) मैना — नर मैना

(92) चीता — मादा चीता

(93) कछुआ — मादा कछुआ

(94) तितली — नर तितली

1) नि० लि० प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।

(•) क्या हुआ है तुम्हें, तुम्हारी वह ____ अब नहीं रही।

(a) स्वास्थ्य
(b) खबर
(c) होश
**(d) चमक** ✓

(•) उसके चेहरे पर ____ लगातार गिर रही है।

(a) ताज
(b) छप्पर
(c) कूड़ा
**(d) बूंदें** ✓